डाक्टरों का पुनरभिविन्यास प्रशिक्षण तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथी के कर्मचारियों को प्रशिक्षण।

(iv) भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथी औषधों का मानकीकरण तथा भारतीय चिकित्सा पद्धति में औषध नियंत्रण को सुदृढ़ बनाना।

(v) आयु भेषज-संहिता समिति, सिद्ध भेषज संहिता समिति, यूनानी भेषज संहिता तथा होम्योपैथी भेषज संहिता समिति के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथी के भेषजकोश संबंधी कार्य को सुदृढ़ बनाना।

(vi) भारतीय चिकित्सा भेषज-संहिता प्रयोगशाला तथा होम्योपैथी भेषज-संहिता प्रयोगशाला, गाजियाबाद के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथी औषधों की जांच के लिए प्रयोगशाला सुविधाओं की स्थापना।

(vii) अच्छी किस्म की आयुर्वेदिक/यूनानी/सिद्ध दवाइयां उपलब्ध करने के लिए मोहान, अल्मोड़ा, उत्तर प्रदेश में भारतीय चिकित्सा भेषजिक निगम लिमिटेड की स्थापना।

(viii) केन्द्रीय सहायता की योजना के जरिए औषधीय पादपों का विकास।

(ix) अनुसंधान परिषदों अर्थात् केन्द्रीय आयुर्वेद और सिद्ध अनुसंधान परिषद, केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद तथा केन्द्रीय होम्योपैथी अनुसंधान परिषद के माध्यम से भारतीय चिकित्सा पद्धति तथा होम्योपैथी में अनुसंधान करना।

(x) विभिन्न राज्य सरकारें भी आयुर्वेदिक अस्पताल, औषधालय खोल रही हैं तथा इन संस्थाओं को आवश्यक आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध कर रही हैं। केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के माध्यम से भी आयुर्वेदिक दवाइयां उपलब्ध की जा रही हैं।

प्रजनन क्षमता के सम्बन्ध में अध्ययन

7280. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में लोगों के प्रजनन क्षमता के सम्बन्ध में अब तक कोई अध्ययन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या पिछले कुछ वर्षों में देश में इसमें अत्यधिक गिरावट आई है;

(घ) यदि हां, तो अन्य विकसित/विकासशील देशों में प्रजनन क्षमता की तुलना में भारत में प्रजनन क्षमता की सीमा क्या है; और

(ङ) सरकार ने ऐसे व्यक्तियों के इलाज के लिए क्या कदम उठाए हैं ताकि उनमें सामान्य प्रजनन क्षमता बनी रहे?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घाटोवर): (क) और (ख) जी, नहीं। तथापि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (1992-93) के अनुसार भारत में कुल प्रजननता-दर 3.4 है।

(ग) जी, हां। 1991 में कुल प्रजननता दर 3.6 से कम हो गई है (नमूना पंजीयन पद्धति)।

(घ) विश्व के विभिन्न देशों में कुल प्रजननता-दर 1.4 से 8.4 तक के बीच है।

(ङ) छोटे परिवार के मानदण्ड का प्रचार और उसे अपनाने से संबंधित कार्यक्रमों का देश भर में कार्यान्वयन किया जा रहा है।

अविवाहित युवतियों के सम्बन्ध में सर्वेक्षण

7281. **श्री संघ प्रिय गौतम:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश के प्रत्येक राज्य में प्रति वर्ष अविवाहित युवतियां मां बन रही हैं;

(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में देश में राज्य-वार कोई गहन सर्वेक्षण किया है;

(ग) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसी अविवाहित युवतियों के बारे में कोई वर्ष-वार आंकड़े एकत्रित किए हैं;

(घ) यदि हां, तो उक्त अवधि के दौरान किए गए सर्वेक्षण का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार इन कुंआरी माताओं के लिए सामाजिक दर्जा प्राप्त करने के लिए और उनका विवाह कर उचित तरीके से घर बसाने में मदद करने के लिए कोई प्रयास कर रही है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घाटोवर): (क) से (च) इस विषय पर कोई सांख्यिकीय आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

सरकार के पास अविवाहित माताओं के कल्याण के लिए कोई विशिष्ट कार्यक्रम नहीं है। फिर भी, महिलाओं के लिए सभी कल्याण तथा विकास कार्यक्रम इस श्रेणी को भी कवर करते हैं।

Establishment of CGHS Homoeopathic Store Depot New Delhi

7282. SHRI SURESH PACHOURI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that adequate steps are not being taken by Government for the proper establishment of CGHS Homoeopathic Store Depot, New Delhi on ground floor;

(b) if so, the reasons therefor

(c) whether it is a fact that the day by day increasing demand and supply, modification increase in the restricted items, posting of more group 'C* and 'D' staff and urgent requirement of accommodation is forcing at present to keep medicinal items/sundry goods/store records in unhygenic conditions; and

(d) the immediate steps proposed to be taken by Government to provide suitable accommodation to adjust all Homoeopathic Medicines according to its current Homoeopathic formulary and working staff of Homoeo Store Depot, New Delhi in hygenic conditions; if so, by when, if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SILVERA): (a) and (b) The Homoeopathic Store is running in Government Flats consisting of 6 Type 'B' Quarters i.e. 2 Quarters on the Ground Floor and 4 on first floor.

(c) No, Sir.

(d) Does not arise.

News-Item Captioned "It's A Dog's Life for the Bihar Tribals"

7283. SHRI O. P. KOHLI: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news report appearing in the 'Indian Express' dated the 16th April, 1995, under the caption "It's a dog's life for the Bihar tribals";

(b) if so, whether on an average, at least 600 dog-bite patients visit different Government hospitals in the state every day and out of them only some patients manage the anti-rabies vaccine on their own, as the cost of each injection being Rs. 225—250, while the poorer ones out of them go without any medication at all;

(c) if so, whether Government propose to remedy this situation keeping in view the abject poverty among the Bihar tribals; and

(d) if not, the reasons therefor?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI PABAN SINGH GHATOWAR): (a) Yes, Sir.

(b) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

करमसद गांव, गुजरात स्थित प्रमुख स्वामी मेडिकल कालेज को मान्यता

7284. श्रीमती आनन्दीबेन चेठाभाई पटेल: क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने गुजरात में करोतर आरोग्य मंडल, विद्यानगर द्वारा संचालित करमसद गांव में प्रमुख स्वामी मेडिकल कालेज को अभी तक मान्यता नहीं दी है;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार इसको शीघ्र मान्यता देने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पवन सिंह घाटोवर): (क) से (ग) भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 में चिकित्सा